


## इंडियन आइडल 12 फेम सायली कांबले ने बॉयफ्रेंड संग की सगाई

इंडियन आइडल 12 में सेकंड रनर–अप रहीं सायली कांबले जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। सायली कांबले ने बॉयफ्रेंड धवल से सगाई कर ली है। सायली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हाल ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह अपनी इंगेजमेंट रिंग फ्लॉन्ट करती नजर आ रही थीं। सायली के मंगेतर धवल ने भी इंस्टाग्राम पर सगाई की खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। साथ में एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है। धवल ने सायली के लिए लिखा है, तुम्हारे साथ हंसने के लिए मैं हमेशा साथ होऊंगा। जब दुखी होगी तब सहारा दूंगा। तुम्हें मैं जिंदगी भर प्यार करूंगा। अपनी सगाई पर सायली ने धवल के साथ रोमांटिक डांस भी किया। उनकी सगाई सेरिमनी के वीडियो भी सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। सायली कांबले ने इस साल सितंबर में धवल संग अपना रिलेशनशिप ऑफिशल किया था। उन्होंने अपने प्यार का इजहार करते हुए बॉयफ्रेंड धवल संग अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। साथ ही कैप्शन में लिखा था, चलो जी आज साफ कहती हूं.इतनी सी बात है..मुझे तुमसे प्यार है। वहीं इंडियन आइडल 12 के दौरान सायली कांबले का नाम को–कंटेस्टेंट निहाल तारो के साथ जोड़ा गया था। लेकिन सायली ने एक इंटरव्यू में साफ कर दिया था कि उनके बीच कोई रोमांटिक ऐंगल नहीं है और निहाल उनके भाई की तरह हैं।

## ऐश्वर्या, जैकलीन, नोरा समेत वे ऐक्ट्रेसेस, जिन्होंने विवादों से बटोरी सुर्खियां

साल 2022 बस चंद कदमों की दूरी पर खड़ा आपका इंतजार कर रहा है। वहीं 2021 जाने के लिए तैयार है। हालांकि जाते–जाते इसने लोगों को काफी कुछ दिया। किसी के लिए यह ब्लैक ईयर साबित हुआ, तो किसी के जीवन को खुशियों से भर दिया। चाहे आम हो या खास, सभी के लिए उतार–चढ़ाव जैसा महौल रहा। बात करें बॉलिवुड की तो वहां भी बड़ी हलचल दिखाई दी। कई नामी हस्तियां विवादों में रहीं। ऐश्वर्या राय पनामा पेपर्स लीक मामले में इन्हें ईडी ने समन भेजा था। जैक्लीन फर्नानडेज को भी ईडी ने समन भेजा था। जांच ऐजेंसी ने 200 करोड़ रुपये की ठगी मामले में मास्टरमाइंड सुकेश चंद्रशेखर और जैकलीन फर्नांडिस के बीच संपर्कों का पूरा खुलासा किया था। नोरा फतेही 200 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी ठग सुकेश चंद्रशेखर से अपने कथित रिश्तों को लेकर चर्चा में रहीं। कंगना रनौत तो आए दिन चर्चा में बनी रहती हैं। मुद्दा कोई भी हो, उनकी टिप्पणी जरूर आती है। अनन्या पांडे को एनसीबी ने आर्यन खान ड्रग्स क्रूज मामले में समन भेजा गया था।


## प्रियंका चोपड़ा ने बताया क्यों इंस्टाग्राम से हटाया था जोनस सरनेम



प्रियंका चोपड़ा ने जब कुछ हफ्ते पहले अपने नाम से सरनेम जोनस हटाया तो हंगामा मच गया। कयास लगाए जाने लगे कि प्रियंका और निक के बीच कुछ गड़बड़ चल रहा है। यहां तक कि उनके तलाक की खबरें तक आने लगी थीं। लेकिन तब निक और प्रियंका ने इन बातों पर कोई ध्यान नहीं दिया और न ही कोई क्लैरिफिकेशन कि आखिर सरनेम क्यों हटाया। पर अब प्रियंका ने इसकी वजह बताई है। प्रियंका चोपड़ा ने बताया है कि आखिर उन्होंने अपने नाम से जोनस सरनेम क्यों हटाया। जब प्रियंका से पूछा गया कि उनके सरनेम हटाने पर जो हंगामा हुआ, उसके बारे में उन्हें क्या लगता है, तो ऐक्ट्रेस ने कहा, मुझे नहीं पता। मैं चाहती थी कि मेरा यूजरनेस मेरे ट्विटर अकाउंट वाले नाम से मैच करे। मुझे यह देख बड़ा आश्चर्य हुआ लोगों ने इस बात का इतना बड़ा मुद्दा बना दिया। यह सोशल मीडिया है दोस्तों। जस्ट चिल आउट। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा ने निक जोनस से शादी के बाद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जोनस जोड़कर अपना नाम बदल लिया था। वह प्रियंका चोपड़ा जोनस लिखती थीं। लेकिन कुछ हफ्ते पहले प्रियंका ने अपने सरनेम के साथ–साथ जोनस सरनेम भी हटा दिया था।

# क्या हिन्दी बोलना भूल गई हैं प्रियंका चोपड़ा?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*लंबे समय बाद अपनी अगली बॉलिवुड फिल्म ‘जी ले जरा’ को लेकर प्रियंका चोपड़ा काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में उनके साथ कटरीना कैफ और आलिया भट्ट भी नजर आनेवाली हैं। अपने नए इंटरव्यू में प्रियंका चोपड़ा ने एक मजेदार खुलासा किया है, जिसे सुनकर आप हैरानी में भी पड़ सकते हैं। दरअसल, प्रियंका हिन्दी बोलना भूल गई हैं और यह बात ऐक्ट्रेस ने खुद बताई है।*

हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर फरहान अख्तर से कहा है कि बेहतर होगा कि फिल्म में उनसे डांस करवा लें। प्रियंका ने बताया कि हिन्दी बोले हुए उन्हें काफी लंबा वक्त हो गया है। बता दें कि प्रियंका चोपड़ा की आखिरी बॉलिवुड फिल्म ‘दोस्ताना’ थी, जो साल 2008 में रिलीज हुई थी।

**निर्देशन की भूमिका में वापस लौट रहे फरहान अख्तर**

बता दें कि फिल्म जी ले जरा के साथ फरहान अख्तर एक बार फिर से अपने निर्देशन की भूमिका में वापस लौट रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फरहान ने अपनी बहन जोया अख्तर और डायरेक्टर रीमा कागती के साथ मिलकर फिल्म की स्क्रिप्ट भी तैयार की है। रोड ट्रिप पर बनी इस फिल्म में लीड रोल में प्रियंका चोपड़ा, आलिया भट्ट और कटरीना कैफ नजर आएंगी।

प्रियंका ने हुई बातचीत में कहा है कि वह अपनी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। प्रियंका ने कहा, हिन्दी डायलॉग बोले हुए काफी लंबा वक्त गुजर गया है या फिर किसी गाने पर डांस किए हुए भी। मैंने फरहान से कहा कि बेहतर है कि मुझे इस मूवी में गाने पर डांस कर लूं। कहा गया है कि इस फिल्म में जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के ऐक्टर्स स्पेशल कैमियो में नजर आनेवाले हैं।

इस वक्त प्रियंका चोपड़ा अपनी हॉलिवुड फिल्म 'The MatriÛ



Resurrections' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो मेट्रिक्स फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म है। प्रियंका ने कहा है कि हॉलिवुड में जिस जगह पर वह आज पहुंची हैं उसके लिए वह पिछले 10 साल से मेहनत कर रही हैं।

**मौके पाने में बहुत मेहनत करनी पड़ी**

उन्होंने कहा, मैं लगभग 10 सालों से हॉलिवुड में काम कर रही हूं और अब जाकर मैं फाइनली वह काम कर रही हूं जो करना चाहती थी। दुनिया को उस टैलंट और पहचान के बारे में एजुकेट करने में बहुत मेहनत लगती है, जो साउथ एशियन ऐक्टर्स में है। हम दुनिया की आबादी का पांचवां हिस्सा हैं, लेकिन आप वह चीज अंग्रेजी भाषा के मनोरंजन में नहीं देखते। मुझे उम्मीद है कि मैं और ज्यादा अवसर पाने की जिम्मेदारी को बखूबी अपने कंधों पर उठा सकूं। मुझे अपने लिए भी ऐसे मौके पाने में बहुत मेहनत करनी पड़ी।

# 200 करोड़ की ठगी मामले में नोरा फतेही बनेंगी सरकारी गवाह

*ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में नोरा फतेही अब सरकारी गवाह बनने जा रही हैं। बता दें कि नोरा ने हाल ही में इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के सेक्शन 50 (2) और 50 (3) के तहत बयान दर्ज करा चुकी हैं। अब कहा जा रहा है कि नोरा इस केस में प्रॉसिक्यूशन की तरफ से गवाही देंगी। जैकलीन और नोरा को सुकेश से मिले महंगे गिफ्ट्स को ईडी बहुत जल्द जब्त भी कर सकती है।*



रिपोर्ट के मुताबिक, 29 साल की फिल्म ऐक्ट्रेस और कनाडा की मॉडल नोरा फतेही का नाम मनी लॉन्ड्रिंग के इस केस में विटनेस के तौर पर शामिल किया है। बता दें कि इस केस में ईडी नोरा फतेही, जैकलीन फर्नांडिस जैसे ऐक्ट्रेस से पूछताछ कर चुकी है। इन ऐक्ट्रेसेस को सुकेश और उनकी वाइफ ने कई महंगे गिफ्ट्स दिए थे, जिसके सच का खुलासा हाल ही में हुआ है। ईडी सोर्स के मुताबिक, इन ऐक्ट्रेस को कुछ पालतू जानवर भी गिफ्ट किए गए हैं, जो उन्हें दी गई महंगे गिफ्ट्स की लिस्ट में शामिल हैं। ईडी से जुड़े एक सूत्र ने इडी को पूछताछ के दौरान कहा है कि उनके अधिकारी इन महंगे गिफ्ट्स को जब्त कर सकते हैं। सोर्स ने यह भी बताया कि जैकलीन ने भी यही बात ईडी के अधिकारियों से कही है। सूत्र ने इस बात की भी जानकारी दी है कि बहुत जल्द एजेंसी नोरा और जैकलीन को मिले सभी महंगे गिफ्ट्स को जब्त करने वाली है। उन्होंने बताया कि इस केस में पहले उन्हें चार्जशीट फाइल करनी थी, जिस वजह से इस काम में देर हो गई। ईडी ने सुकेश के खिलाफ दिल्ली कोर्ट में दायर चार्जशीट में दावा किया है कि सुकेश ने नोरा को साल 2020 में ठर्ड कार और कई महंगे गिफ्ट के अलावा ऐक्ट्रेस को 75 लाख रुपये भी दिए थे। ईडी को दिए अपने स्टेटमेंट में जैकलीन ने सुकेश से मिले महंगे गिफ्ट्स की लिस्ट बताई थी। सुकेश ने जैकलीन के लिए पानी की तरह पैसा बहाया। जूलरी, क्रॉकरी से लेकर इम्पोर्टेड पेट्स भी जैकलीन को गिफ्ट किए। ईडी ने नोरा और जैकलीन का नाम अपने 7000 पेज की चार्जशीट में गवाह के तौर पर लिया है।